**भारत सरकार**

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 412**

**(दिनांक 27.11.2024 को उत्तर देने के लिए)**

**एफएम रेडियो स्टेशन**

**412. श्री जी. सेल्वमः**

**श्री सी. एन. अन्नादुरईः**

**क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) वर्तमान में सम्पूर्ण देश में कुल कितने एफएम रेडियो स्टेशन कार्यशील हैं और उनमें से कितने सरकारी नीतियों के अंतर्गत लाइसेंस प्राप्त हैं;

(ख) सरकार द्वारा दूरवर्ती, ग्रामीण और अल्पसेवित क्षेत्रों में एफएम रेडियो स्टेशनों का विस्तार करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं और राष्ट्रव्यापी एफएम कवरेज प्राप्त करने हेतु क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है;

(ग) देश में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार विशेषकर तमिलनाडु में नए एफएम स्टेशन स्थापित करने के लिए किन-किन स्थानों को चिह्नित किया गया है;

(घ) क्या सरकार निजी एफएम रेडियो चरण-III नीति के अंतर्गत तमिलनाडु सहित देश के सभी शहरों में चैनलों की नीलामी कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) देश में वर्तमान में कितने सामुदायिक आवृत्ति मॉड्यूलेशन (एफएम) रेडियो स्टेशन कार्यशील हैं?

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

(क): देश भर में रिले स्टेशनों सहित 625 आकाशवाणी एफएम ट्रांसमीटर और 388 प्राइवेट एफएम चैनल प्रचालनरत हैं।

(ख) से (घ): प्रसार भारती की प्रसारण अवसंरचना और नेटवर्क विकास स्कीम (बीआईएनडी) के तहत आकाशवाणी नेटवर्क का आधुनिकीकरण और विस्तार एक सतत प्रक्रिया है। नए आकाशवाणी एफएम ट्रांसमीटर स्थापित करने हेतु चिन्हित स्थानों का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है। इसके अलावा, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तमिलनाडु के 11 शहरों सहित 234 नए अछूते शहरों में 730 प्राइवेट एफएम चैनलों की ई-नीलामी के प्रस्ताव को अनुमोदन दे दिया है, जिसका विवरण मंत्रालय की वेबसाइट www.mib.gov.in पर उपलब्ध है। इससे विविध और स्थानीय सामग्री तक पहुंच बढ़ेगी, जिससे सृजनात्मकता को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय भाषा के साथ-साथ संस्कृतियों का भी संवर्धन होगा।

(ङ): देश में 521 सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस) प्रचालनरत हैं।

**अनुलग्नक**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | जिला | प्रस्तावित स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | गुजरात | भावनगर | भावनगर |
| 2 | हिमाचल प्रदेश | मंडी | सरकाघाट |
| 3 | झारखंड | गिरिडीह | गिरिडीह |
| 4 | झारखंड | कोडरमा | कोडरमा |
| 5 | मध्य प्रदेश | सिंगरौली | सिंगरौली |
| 6 | उत्तर प्रदेश | बस्ती | बस्ती |
| 7 | उत्तर प्रदेश | एटा | एटा |
| 8 | उत्तर प्रदेश | हरदोई | हरदोई |
| 9 | आंध्र प्रदेश | कुरनूल | नांदयाल |
| 10 | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम | चिंतापल्ले |
| 11 | आंध्र प्रदेश | विजयनगरम | विजयनगरम |
| 12 | बिहार | दरभंगा | दरभंगा |
| 13 | बिहार | गोपालगंज | गोपालगंज |
| 14 | बिहार | कटिहार | कटिहार |
| 15 | बिहार | सहरसा | सहरसा |
| 16 | छत्तीसगढ | बस्तर | जगदलपुर |
| 17 | छत्तीसगढ | दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा | बैलाडीला |
| 18 | छत्तीसगढ | कोंडागांव | कोंडागांव |
| 19 | छत्तीसगढ | नारायणपुर | नारायणपुर |
| 20 | छत्तीसगढ | उत्तर बस्तर कांकेर | कांकेर |
| 21 | गुजरात | देवभूमि द्वारका | देवभूमि द्वारका |
| 22 | गुजरात | कच्छ | भुज |
| 23 | गुजरात | पाटन | राधनपुर |
| 24 | हिमाचल प्रदेश | चंबा | चुराह |
| 25 | झारखंड | पाकुर | पाकुर |
| 26 | झारखंड | सिमडेगा | सिमडेगा |
| 27 | कर्नाटक | शिमोगा | शिमोगा |
| 28 | कर्नाटक | उडुपी | उडुपी |
| 29 | लद्दाख | लेह | लेह |
| 30 | महाराष्ट्र | बिड | अंबाजोगाई |
| 31 | ओडिशा | बालेश्वर | बालासोर |
| 32 | राजस्थान | गंगानगर | अनूपगढ़ |
| 33 | राजस्थान | जैसलमेर | जैसलमेर |
| 34 | राजस्थान | सीकर | सीकर |
| 35 | तमिलनाडु | सलेम | यरकौड |
| 36 | तमिलनाडु | तंजावुर | कुंभकोणम |
| 37 | तमिलनाडु | वेल्लोर | वेल्लोर |
| 38 | उत्तर प्रदेश | फर्रुखाबाद | फर्रुखाबाद |
| 39 | उत्तराखंड | नैनीताल | नैनीताल |

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | जिला | प्रस्तावित स्थान |
|---|---|---|---|
| 40 | उत्तराखंड | पिथोरागढ़ | मुनस्यारी |
| 41 | उत्तराखंड | पिथोरागढ़ | पिथोरागढ़ |
| 42 | राजस्थान | टोंक | टोंक |
| 43 | ओडिशा | सुंदरगढ़ | बोनाईगढ़ |
| 44 | राजस्थान | उदयपुर | वल्लभनगर |
| 45 | गुजरात | मोरबी | मोरबी |
| 46 | पश्चिम बंगाल | दार्जिलिंग | कलिम्पोंग |
| 47 | हिमाचल प्रदेश | सोलन | धरमपुर |
| 48 | बिहार | चंपारण | मोतिहारी |